Education Quality and Accountability Office
EQAO

Office de la qualité et de la responsabilité en éducation
OQRE

माता-पिता के लिए प्रश्न और उत्तर

ग्रेड 6

1. ग्रेड 6 के आकलन के लिए क्या परीक्षा ली जाती है?

ग्रेड 6 आकलन विद्यार्थियों के पढ़ने, लिखने और गणित संबंधी उस कौशल का मूल्यांकन करता है जिसके लिए विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे *ऑंटारियो पाठ्यक्रम (The Ontario Curriculum)* के अनुसार, उसे जूनियर डिविज़न के अंत तक सीख लेंगे।

2. ग्रेड 6 EQAO आकलन उन टेस्टों (परीक्षणों) से किस प्रकार भिन्न है जिन्हें मेरा बच्चा कक्षा में लिखता (देता) है?

कक्षा के टेस्ट और EQAO के टेस्टों का उद्देश्य भिन्न-भिन्न है और वे भिन्न प्रकार की सूचनाएँ देते हैं।

कक्षा के टेस्ट

- इसका आकलन करते हैं कि विद्यार्थियों ने किसी विशिष्ट सूचना को कितनी अच्छी तरह ग्रहण किया है और वे पूरे स्कूल वर्ष विशेष के दौरान होते हैं;
- विद्यार्थियों के शिक्षा ग्रहण करने के संबंध में तात्कालिक सूचना उपलब्ध कराते हैं जिसका उपयोग करके शिक्षक अपनी कक्षा में शिक्षण संबंधी कार्यनीतियों को संशोधित कर सकते हैं;
- शिक्षकों द्वारा स्वतंत्र रूप से विकसित, संचालित और प्राप्तांकित किया जाता है और उनमें व्यक्तिपरक ग्रेडिंग तत्व शामिल हो सकते हैं, जो छात्र विशेष के बारे में शिक्षक की जानकारी पर आधारित होते हैं और
- इस प्रकार के परिणाम उपलब्ध कराते हैं जिनकी तुलना संभवतः स्कूल, बोर्ड या प्रांतीय स्तर पर व्यापक रूप से न की जा सके।

EQAO आकलन

- विद्यार्थियों की शिक्षा के महत्त्वपूर्ण पड़ावों पर उनके संचित ज्ञान और कौशलों का मापन प्रांतीय मानदंडों के सापेक्ष करता है;
- विद्यार्थियों के शिक्षा ग्रहण करने के बारे में वार्षिक सूचना उपलब्ध कराता है जिसका उपयोग शिक्षक, स्कूल, स्कूल बोर्ड और प्रांत उनकी प्रगति को प्रेक्षित करने और सुधार की योजना बनाने के लिए कर सकते हैं;
- ऑंटारियो के शिक्षकों द्वारा विकसित और संचालित किए जाते हैं;
- ऑंटारियो शिक्षकों एवं ऐसे अन्य योग्य लोगों द्वारा संगत एवं वस्तुनिष्ठ ढंग से प्राप्तांकित किया जाता है जो विशिष्ट प्रशिक्षण पूरा कर चुके होते हैं और

- ऐसे परिणाम उपलब्ध कराते हैं जिनकी तुलना साल दर साल स्कूल, बोर्ड और प्रांतीय स्तर पर की जा सकती है।

3. क्या सभी विद्यार्थियों से ग्रेड 6 आकलन में भाग लेने की अपेक्षा की जाती है?

प्रांतीय टेस्ट ओंटारियो के सार्वजनिक शिक्षा कार्यक्रम के अंग हैं। ग्रेड 6 के सभी विद्यार्थी जिन्हें सार्वजनिक धन से वित्तपोषण किया जाता है और जो *ओंटारियो पाठ्यक्रम* का अनुसरण करते हैं, उनसे *शिक्षा गुणवत्ता और जवाबदेही कार्यालय अधिनियम (The Education Quality and Accountability Office Act)* द्वारा ग्रेड 6 आकलन को लिखने (करने) की अपेक्षा की जाती है।

4. शिक्षण संबंधी विशेष आवश्यकता वाले ग्रेड 6 आकलन में सहायता कैसे दी जाती है?

शिक्षण संबंधी विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को जो व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individual Education Plan – IEP) के अंतर्गत हैं, उन्हें ग्रेड 6 आकलन में ऐसे समायोजनों की अनुमति दी जाती है जिन्हें EQAO की स्वीकृति प्राप्त होती है और जो कक्षा में होने वाले आकलनों की उनकी नियमित प्रक्रिया से संगत होते हैं। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान और छूट के लिए मार्गदर्शिका (Guide for Accommodations, Special Provisions and Exemptions)* देख सकते हैं।

5. ग्रेड 6 का आकलन करने के लिए अंग्रेज़ी भाषा को सीखने वालों को कैसे सहायता दी जाती है?

अंग्रेज़ी भाषा सीखने वालों के लिए ग्रेड 6 आकलन के वास्ते ऐसे विशेष प्रावधानों की अनुमति है जो EQAO से स्वीकृति प्राप्त और कक्षा में होने वाले आकलनों की उनकी नियमित प्रक्रिया से संगत होते हैं। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान और छूट के लिए मार्गदर्शिका* देख सकते हैं।

6. क्या छूटों की अनुमति है?

कुछ मामलों में, विद्यार्थियों को ग्रेड 6 आकलनों को लिखने (में भाग लेने) से छूट दी जा सकती है यदि वे EQAO द्वारा स्थापित मानदंडों को पूरा करते हैं।

प्रांतीय परीक्षणों में छात्रों के भाग लेने और समायोजनों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में निर्णय स्कूल स्तर पर प्रिंसिपल और शिक्षकों द्वारा माता-पिता या अभिभावकों से बातचीत करके लिए जाते हैं। आप और जानकारी के लिए EQAO की *आवास, विशेष प्रावधान और छूट के लिए मार्गदर्शिका* देख सकते हैं।

7. ग्रेड 6 आकलन कब संचालित किया जाता है?

ग्रेड 6 आकलन सामान्यतः मई के उत्तरार्ध या जून के शुरू में दो सप्ताह की अवधि के दौरान किया जाता है। प्रत्येक स्कूल निर्धारित की गई आकलन अवधि के दौरान अपने टेस्ट (परीक्षण) की तारीख और समय का निर्धारण करता है।

8. ग्रेड 6 आकलन कैसे संचालित किया जाता है?

ग्रेड 6 आकलन पूरे प्रांत में ओंटारियो के शिक्षकों, सामान्यतः कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा एक समान ढंग से संचालित किया जाता है। विद्यार्थियों को आकलन के छह खंडों में से प्रत्येक को पूरा करने के लिए लगभग एक घंटे का समय दिया जाता है। आकलन पुस्तिका के उदाहरण हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

EQAO प्रांतीय आकलन कार्यक्रम को ऑनलाइन करने की एक बहु-वर्षीय परियोजना के मध्य में है।

9. यदि मेरा बच्चा EQAO आकलन के दिनों में अनुपस्थित हो, तो क्या होगा?

यदि आपका बच्चा ग्रेड 6 आकलन संचालित किए जाने के दिनों में अनुपस्थित हो, तो स्कूल आपके बच्चे के लिए उसके लौटने पर आकलन को लिखने (में भाग लेने) की व्यवस्था कर सकता है, परंतु यह आकलन के निर्धारित दो सप्ताह की अवधि के दौरान ही हो सकता है। यदि आपका/आपकी बच्चा/बच्ची उस अधि में स्कूल नहीं लौटता/लौटती है, तो वह आकलन में भाग नहीं ले पाएगा/पाएगी।

वे विद्यार्थी जिनसे आकलन में भाग लेने की आशा की जाती है, लेकिन वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भी उन्हें स्कूल के परिणामों की सार्वजनिक रिपोर्टिंग में शामिल किया जाता है। चूँकि सार्वजनिक धन से वित्तपोषित शिक्षा प्रणाली प्रत्येक विद्यार्थी के प्रति उत्तरदायी है, इसलिए EQAO प्रत्येक विद्यार्थी के बारे में रिपोर्ट करता है। यदि किसी विद्यार्थी के EQAO के दिशानिर्देशों के अंतर्गत छूट नहीं मिली है, और वह आकलन नहीं लिखता (में भाग नहीं लेता) है, तो उसे अनुपस्थित माना जाता है, और इसलिए EQAO की रिपोर्टिंग में, बिना किसी डेटा के माना जाता है।

10. मेरे बच्चे को आकलन के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए?

चूँकि ग्रेड 6 आकलन 100% *ओंटारियो पाठ्यक्रम* पर आधारित है इसलिए किसी विशेष तैयारी की आवश्यकता नहीं है। आकलन के प्रारूप से और पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार से परिचित होने के लिए, आप आकलन पुस्तिकाओं के उदाहरण देख सकते हैं।

11. EQAO आकलनों में प्राप्तांक कैसे दिए जाते हैं?

सभी EQAO आकलनों में, बहु-विकल्पीय उत्तरों पर प्राप्तांक मशीन से दिए जाते हैं। ग्रेड 6 आकलनों में स्वतंत्र ढंग से उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों के उत्तरों पर प्राप्तांक ओंटारियो के शिक्षकों द्वारा दिए जाते हैं जो विशेषीकृत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके होते हैं, और योग्यता परीक्षण को पास कर चुके होते हैं। यह वीडियो EQAO टेस्ट कैसे निर्मित, प्रशासित और प्राप्तांकित किए जाते हैं (How EQAO Tests Are Created, Administered and Scored) के बारे में अधिक स्पष्ट करता है।

12. मैं अपने बच्चे के परिणामों को कब प्राप्त करूँगा/करूँगी?

आकलन में लिखने (भाग लेने) वाला प्रत्येक छात्र/छात्रा उसके परिणामों का स्वरूप बताने वाली एक व्यक्तिगत छात्र रिपोर्ट (Individual Student Report – ISR) अगले स्कूल वर्ष के दौरान शरद ऋतु में प्राप्त करेगा/करेगी। और अधिक जानकारी के लिए इस ISR नमूना देखें।

आकलन के बाद सभी EQAO आकलनों के प्रांतीय परिणाम भी शरद ऋतु के प्रारंभ में रिपोर्ट किए जाते हैं। स्कूल और स्कूल बोर्ड के परिणाम EQAO की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाते हैं।

13. EQAO के परिणामों को कैसे रिपोर्ट किया जाता है?

जूनियर-डिविज़न के आकलनों के परिणामों को प्रांत के चार उपलब्धि स्तरों के अनुसार रिपोर्ट किया जाता है। ये वही उपलब्धि स्तर हैं जिनका उपयोग शिक्षक कक्षा में और विद्यार्थी की उपलब्धि को रिपोर्ट करने के लिए रिपोर्ट कार्ड पर करते हैं। प्रांतीय पैमाना स्तर 3 है, जो B– से B+ तक के प्राप्ति दायरे में उपलब्धि के समान है।

आकलन करने पर जो विद्यार्थी इस मानदंड (यानी स्तर 3 या 4 को प्राप्त करना) को पूरा करते हैं, या उससे आगे बढ़ जाते हैं उन्होंने वे शिक्षा के अपने वर्तमान पड़ाव पर उनसे अपेक्षित अधिकतर या समस्त ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित किया है।

और अधिक ब्योरे के लिए, कृपया अपने बच्चे के परिणामों को समझने हेतु माता-पिता की मार्गदर्शिका (A Parent's Guide to Understanding Your Child's Results) पढ़ें।

14. क्या मेरे बच्चे के EQAO के परिणामों की गणना उसके ग्रेडों में होगी?

प्राथमिक स्कूल में प्रांतीय आकलन के परिणामों को विद्यार्थियों के ग्रेड के संबंध में शामिल नहीं किया जाता है। वे यह निर्धारित करने के लिए कि कौन-सी अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता हो सकती है, विद्यार्थी द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा का मूल्यांकन करने के लिए विचार करने के वास्ते रिपोर्ट कार्ड के साथ अतिरिक्त सूचना उपलब्ध कराते हैं।

15. क्या परिणाम वैध और विश्वसनीय होते हैं?

हाँ। EQAO के टेस्ट को विकसित, प्रेक्षित और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रियाएँ विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं में शामिल हैं, और वे एजेंसी के डेटा की वैधता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित करती हैं। EQAO ने टेस्टों को विकसित करने से लेकर शिक्षकों द्वारा प्राप्तांक दिए जाने और परिणामों को रिपोर्ट किए जाने तक—आकलन चक्र के प्रत्येक चरण पर विश्वसनीयता की जाँच विधियाँ बना रखी हैं। EQAO अपने डेटा की सच्चाई को अधिकतम महत्त्व देती है।

16. मैं अपने बच्चे के शिक्षा-ग्रहण करने में सहायता देने के लिए EQAO के परिणामों का उपयोग कैसे कर सकता/सकती हूँ?

जब बच्चे द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा के मूल्यांकन का मसला सामने आता है तो व्यापक दायरे वाली सूचना पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। EQAO के परिणामों की समीक्षा आपके बच्चे के दैनिक कक्षा-कार्यों और अन्य आकलनों एवं अन्य प्रासंगिक सूचना के साथ की जानी चाहिए ताकि उसके द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा का आकलन किया जा सके और निर्धारित किया जा सके कि कहाँ पर और सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

वे विद्यार्थी, जो ग्रेड 6 में प्रांतीय मानदंडों को पूरा नहीं करते, उनके संबंध में शिक्षकों और उनके माता-पिता के लिए इस बारे में विचार-विमर्श करना विशेष रूप से आवश्यक है कि शिक्षा ग्रहण करने मे उत्पन्न अंतरालों को भरने के लिए साथ मिलकर कैसे कार्य किया जाए। EQAO द्वारा छात्र समूहों की जो ट्रैकिंग की गई है वह स्पष्ट दर्शाती है कि जो विद्यार्थी शुरुआती ग्रेडों में प्रांतीय मानदंडों को प्राप्त नहीं करते हैं, उनके संबंध में इस बात की अधिक संभावना है कि बाद की ग्रेडों में उन्हें निरतंर संघर्ष करना पड़ेगा।

17. मेरे बच्चे के स्कूल के परिणाम मुझे क्या बताते हैं?

स्कूल के परिणाम आपको दर्शाते हैं कि आपके स्कूल में विद्यार्थी आपके स्कूल बोर्ड और पूरे प्रांत के विद्यार्थियों की तुलना में कैसा कार्य कर रहे हैं। वे अन्य विद्यार्थियों की तुलना में आपके बच्चे की उपलब्धियों को समझाने और विद्यार्थी की उपलब्धियों में सहयोग देने के बारे में चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार होने में मदद दे सकते हैं। यहाँ पर अपने स्कूल के परिणामों को देखते समय पूछे जाने वाले छह प्रश्न (Six Questions to Ask When Looking at Your School's Results) हैं।

आप अपने बच्चे के शिक्षक या प्रिंसिपल से अपने बच्चे के स्कूल में शिक्षा कार्यक्रमों के सशक्तीकरण के लिए EQAO के परिणामों के महत्त्व के बारे में चर्चा कर सकते/सकती हैं। पूरे ओंटारियो के स्कूल अपनी उन्नयन योजनाएँ विकसित करने के लिए EQAO डेटा का उपयोग, रिपोर्ट कार्ड ग्रेडों, उपस्थिति दरों और प्रासंगिक सूचना जैसे कक्षा के अन्य डेटा के साथ करते हैं।

18. यदि मेरा बच्चा आकलन में असफल होता है तो क्या होगा?

शिक्षकों और माताओं-पिताओं के लिए उन विद्यार्थियों के परिणामों के बारे में विचार-विमर्श करना आवश्यक है जो पढ़ने, लिखने और गणित में प्रांतीय मानदंडों को पूरा नहीं करते एवं शिक्षा ग्रहण करने में उत्पन्न किसी भी अंतराल को साथ मिलकर कैसे भरा जाए। जूनियर-डिविज़न आकलन के परिणामों का विद्यार्थियों की ग्रेड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

19. ओंटारियो को प्रांत-व्यापी आकलन की आवश्यकता क्यों होती है?

EQAO के परिणाम ओंटारियो की शिक्षा प्रणाली में उत्तरदायित्व निर्धारित करने के महत्त्वपूर्ण उपाय हैं और विद्यार्थी, स्कूल, स्कूल बोर्ड और प्रांतीय स्तरों की सुधार योजना के लिए महत्त्वपूर्ण साधन हैं। जो स्कूल प्रणाली निरंतर सुधार के बारे में गंभीर हो, उसके पास छात्रों की उपलब्धि के बारे में ऐसा प्रणाली-व्यापी प्रमाण अवश्य होना चाहिए जो वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय हो। आकलन के परिणाम उन क्षेत्रों को प्रकाश में लाते हैं जहाँ विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता हो सकती है। शिक्षक, स्कूल, बोर्ड और प्रांत इन डेटा का उपयोग शिक्षण और शिक्षा ग्रहण संबंधी पहलों को लक्षित करने के लिए करते हैं।